छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2021 ■ वर्ष-18








स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2021 ■ वर्ष-18



## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद** (IAS)
अध्यक्ष



**श्री अशोक कुमार**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन कंपनी)



**श्री एन.के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन कंपनी)



**श्री राजेश वर्मा**
प्रबंध निदेशक
(ट्रेडिंग कंपनी)



**श्री हर्ष गौतम**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी)



**श्रीमती उज्ज्वला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(होल्डिंग कंपनी)

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मर्यादित

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2021 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3080 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3224.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1864.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 123 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 13002 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1318 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 23091 स. कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 188561 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 118724 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 204646 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39665 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73369 | 454697 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या (प्रावधिक) | 630389 | 1930102 |



संपादक : **विजय कुमार मिश्रा** अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)
सह सम्पादक : **अनामिका मण्डावी** ● सहयोग : **जाबिर मोहम्मद कुरैशी, प्रसन्न दुबे**
छाया : **संजय टेम्बे**, e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न

## विद्युत विकास में छत्तीसगढ़ बना रहे अग्रणी - श्री आनंद

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय के खेल मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुये उपस्थितजनों सहित प्रदेश के उपभोक्ताओं के नाम गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की। उन्होंने कहा कि 1950 से लेकर अब तक संविधान में दर्ज नीति निदेशों का पालन करते हुए हमने अपनी एकता और सर्वधर्म सम्भाव को बनाये रखा है।**



गणतंत्र दिवस समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री अशोक कुमार, एमडी (उत्पादन) श्री एन.के. बिजौरा, एमडी (ट्रेडिंग) श्री राजेश वर्मा एवं होल्डिंग कंपनी की एमडी श्रीमती उज्ज्वला बघेल, महाप्रबंधक श्री जी.एल.चंद्रा ने भी उपस्थितजनों के बीच शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन ए.जी.एम. श्री पी. पाण्डेय ने किया।

समारोह में राष्ट्रीय पर्वों की महत्ता को उजागर करते हुए मुख्य अतिथि श्री आनंद ने कहा कि जनहितैषी कार्यों पर सार्वजनिक रु. से विचार मंथन करने का सुअवसर हमें राष्ट्रीय पर्व प्रदान करते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए पॉवर कम्पनीज की प्रगति का आज मनन करते हैं तो यह बात उभरकर आती है कि प्रदेश में चहुंओर ऊर्जा से अभूतपूर्व उन्नति दर्ज हुई है। यद्यपि हमारी उन्नति के पथ पर विगत एक वर्षों से कोविड-19 स्पीड ब्रेकर बन कर उभरा है, किन्तु जहां चाह वहां राह को साकार करते हुए पॉवर कंपनीज ने अपनी प्रगति की गति को बनाये रखा है। ऐसे संक्रमण काल में भी कृषि-उद्योग सहित सुरक्षा, चिकित्सा एवं संचार जगत के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही हैं जिसकी सराहना सभी वर्गों ने की है।

गर्व की बात है कि विगत छः माह से हमारे ताप विद्युत गृहों द्वारा लगातार सर्वाधिक मासिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा जा रहा है, फलस्वरूप देशभर में छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ होने का गौरव प्राप्त हुआ है। ऐसी अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

ताप विद्युत गृहों की तरह मिनी माता हसदेव बांगो जल विद्युत गृह द्वारा भी चालू वित्तीय वर्ष में 87.74 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर सर्वाधिक मासिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा गया। जनरेशन कंपनी की टीम को हार्दिक बधाई। ऐसी उपलब्धियां आगे भी अर्जित हो यही मंगलकामना है।

प्रदेश में उपलब्ध भरपूर बिजली को सुदूर ग्रामीण वनांचलों तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।





इसे कारगर करने के लिए पारेषण कंपनी की टीम द्वारा 121 अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों सहित उनसे जुड़े करीब 13 हजार सर्किट किलोमीटर लंबी लाईनों का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इस चुनौती भरे कार्य के बेहतरीन संपादन हेतु पारेषण कंपनी की टीम को कोटि-कोटि बधाई।

उन्होंने कहा कि पारेषण कंपनी की टीम ने कुशल प्रबंधन से पारेषण हानि को 2.96 प्रतिशत तक लाने में बड़ी कामयाबी पाई है, जो कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य 3.22 प्रतिशत की तुलना में कम है। पारेषण प्रणाली की उपलब्धता भी प्रदेश में 99.93 प्रतिशत रही है, यह एक कीर्तिमान है।

आप सभी जानते हैं कि हमारी पॉवर कंपनीज उपभोक्ता सेवा संस्थान है, अतः उपभोक्ताओं का संतोष ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। राज्य शासन की नीति सबको सस्ते दाम पर सहज बिजली उपलब्ध कराने की है। इसे साकार करने में हमारी कंपनी सफलतापूर्वक जुटी हुई है जिसका सुफल है आज प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या 58 लाख से अधिक जा पहुंची है। उपभोक्ताओं की इतनी बड़ी संख्या की सेवा सुविधा में सतत् वृद्धि करने हेतु जुटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियो की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं।

उपभोक्ताओं तक सतत् बिजली पहुंचाने हेतु उपपारेषण प्रणाली एवं निम्नदाब लाइनों का विस्तार युद्ध स्तर पर किया गया। फलस्वरूप 1 हजार 68 उपकेन्द्रों सहित इनसे संबद्ध हजारों किलोमीटर निम्नदाब लाइने विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लाईफ लाइन की भांति सिद्ध हो रही है। प्रदेश में औसत विद्युत की मांग में तीन गुने से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है, जो कि विद्युत से तीव्र विकास और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों की उत्कृष्ठ कार्य क्षमता का सूचक है।

विद्युत क्रांति संग कृषि जगत में हरित क्रांति लाने संबंधी राज्य शासन की प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए आगे श्री आनंद ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने लगभग 5 लाख 50 हजार स्थायी एवं अस्थायी कृषि पम्पों का ऊर्जीकरण किया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

विद्युत विकास संग उपभोक्ता सेवा में जुटे अधिकारियों/कर्मचारियों के हित में होल्डिंग कम्पनी ने अनेक सकारात्मक कदम उठायें हैं। बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों की पदोन्नति, उच्चवेतनमान तथा अनेक नई नियुक्तियां की गई। आगे भी कर्मियों के हितसंवर्धन के प्रति पॉवर कम्पनीज सजग बनी रहेगी। अंत में यही कहना चाहुंगा कि कंपनी की गौरवशाली इतिहास को बनाये हुये आप सभी उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे और कंपनी की छवि को बेहतर बनाये रखेंगे। पुनः आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।

समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री कर्नल प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया के नेतृत्व में सर्वश्री वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी आर.के. साहू, सुरक्षा निरीक्षक प्रभुशरण सिंह, मुख्य सुरक्षा सैनिक रमेश सिंह पोर्ते, निजी सुरक्षा सैनिक सर्वश्री राकेश फेक्क्र, योगेश साहू, एवं बैन्ड मास्टर श्री ताराचंद बेन की टीम ने परेड की प्रस्तुति दी। परेड के दौरान बेस्ट टर्न आउट के लिए सर्वश्री नोहर लाल देवांगन, लाल राम यदु, मोती लाल देवांगन, रविशंकर मिश्रा को पारितोषिक प्रदान किया गया। समारोह का संचालन करते हुए ऑखो देखा हाल अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

## लोरमी एवं पथरिया उपकेंद्र में 40-40 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर क्रियाशील



ग्रामीण और कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति करने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा पारेषण प्रणाली को मजबूत बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुंगेली जिले के लोरमी एवं पथरिया के 132/33 के.व्ही. सब-स्टेशन में 40-40 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से लोरमी के 150 तथा पथरिया के 140 गांवो को आपात स्थिति में भी निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार और वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर एवं ई.एच.टी (सी. एन्ड एल.एम.) ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री पी.के.गुप्ता की उपस्थिति में टांसफार्मर को क्रियाशील किया गया। लोरमी में 3 करोड़ 88 लाख व पथरिया में 3 करोड़ 88 लाख रुपए लागत से स्थापित इन ट्रांसफार्मर का प्रत्यक्ष लाभ बड़ी संख्या में कृषि पम्प कनेक्शन को मिलेगा।

## सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह से पुरस्कृत डीएसपीएम विद्युत गृह



छत्तीसगढ़ को पॉवर हब आफ इंडिया तथा जीरो पॉवर कट राज्य के तौर पर देश में पहचान मिली हुई है। इस पहचान को बनाये रखने में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह की उल्लेखनीय भूमिका रही है। इस विद्युत गृह की उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति का मूल्यांकन करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह 2021 में इसे सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया गया।

उक्त पुरस्कार के अन्तर्गत देय रुपए तीन लाख का पारितोषिक समारोह के मुख्य अतिथि चेयरमेन श्री अंकित आनंद के हाथों मुख्य अभियंता श्री एस.के. बंजारा ने ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के.बिजौरा, ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार, ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश वर्मा एवं होल्डिंग कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने श्री बंजारा एवं उनकी टीम को बधाई-शुभकामनायें दी।

पुरस्कार ग्रहण करने के उपरांत श्री बंजारा ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण काल से जूझते हुए विद्युत कर्मियों ने अपनी तकनीकी दक्षता और उत्कृष्ट कार्यशैली को प्रदर्शित किया, फलस्वरूप डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह होने का गौरव प्राप्त हुआ। भविष्य में भी इसी तरह कार्य करते हुये संयंत्र की उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति को विद्युत कर्मी बनाये रखेंगे।

## सूरजपुर शहर की सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था हेतु जे.ई. श्री तामले सम्मानित



सूरजपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2021 में छत्तीसगढ़ शासन की माननीय संसदीय सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने सूरजपुर शहर अन्तर्गत विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कनिष्ठ अभियंता श्री जगरत राम तामले को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छींकारा एवं कार्यपालन अभियंता सूरजपुर संभाग श्री एच.के. मंगेशकर सहित अन्य उपस्थितजनों ने श्री तामले को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुवर हेतु अकलतरा संभाग पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत वितरण प्रणाली को तेजी से उन्नत किया गया है। इसे और बेहतर बनाने हेतु ट्रांसफार्मर फेलुअर की दर को न्यूनतम करने में सफल रहे संभाग को प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत करने की परम्परा है। इसके अनुपालन में गणतंत्र दिवस समारोह 2021 में अकलतरा संभाग को न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर हेतु सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया, साथ ही 50, 000/- रुपए का पारितोषिक प्रदान किया गया।

गणंतत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि चेयरमेन श्री अंकित आनंद के हाथों उक्त पारितोषिक इंजीनियर एस.एस.तिवारी ने ग्रहण किया। अकलतरा संभाग के अंतर्गत ट्रांसफार्मर विफल होने की दर में पिछले वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 में 37.50 प्रतिशत की कमी आई। रायगढ़ क्षेत्र के जांजगीर वृत्त अधीन कार्यरत उक्त संभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि सहित प्रबंध निदेशक सर्वश्री अशोक कुमार, एन.के.बिजौरा, राजेश वर्मा एवं श्रीमती उज्जवला बघेल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ई.ई. (सिविल) मुख्यालय संभाग को सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग का पुरस्कार




गणतंत्र दिवस समारोह 2021 में कार्यपालन अभियंता सिविल मुख्यालय संभाग रायपुर, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग का पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री आंकित आनंद (आई.ए.एस.) के हाथों उक्त पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रुपए का पारितोषिक इंजीनियर श्री पी.के. गढ़ेवाल सहित उनकी टीम ने ग्रहण किया।

सिविल मुख्यालय संभाग के द्वारा कोविड-19 के संक्रमण काल में फैलते घातक महामारी को रोकने हेतु मुख्यालय स्थित कार्यालयों, रायपुर शहर के आसपास के उच्चदाब उपकेन्द्रों में स्वच्छता के साथ सेनेटाईजेशन एवं अन्य सुरक्षा के उपायों का बेहतर प्रबंधन कार्यालयीन दिवस के अलावा अवकाश के दिनों में भी समर्पित भाव से किया गया।

ऐसे प्रशंसनीय कार्य हेतु मिले पुरस्कार के लिए ई.ई. श्री गढ़ेवाल सहित उनकी टीम को विभिन्न कंपनीज के प्रबंध निदेशक सर्वश्री अशोक कुमार, एन.के. बिजौरा, राजेश वर्मा, श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### राष्ट्रीय स्तर पर सतत् श्रेष्ठता हेतु मान.मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दी बधाई

# ताप विद्युत गृहों ने लगातार 6वें माह भी सर्वाधिक उत्पादन का रचा इतिहास

### 70.08% पीएलएफ के साथ देशभर के विद्युत गृहों से आगे

देश भर के ताप विद्युत गृहों को विद्युत उत्पादन के मामलें में पीछे ढकेलते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के अधीन कार्यरत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के विद्युत संयंत्रों ने अव्वल होने का कीर्तिमान रचा। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीन कार्यरत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने माह दिसम्बर 2020 के अपने प्रतिवेदन में इस अभूतपूर्व रिकार्ड को अंकित किया है।

सीईए के अनुसार छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत गृहों ने 70.08 प्रतिशत पी.एल.एफ. प्रदर्शित किया जबकि राष्ट्रीय स्तर पर देशभर के ताप विद्युत गृहों ने औसत 51.49 प्रतिशत पीएलएफ दर्ज किया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देशभर के 33 स्टेट पॉवर सेक्टर के विद्युत संयंत्रों को पिछले छह माह से निरन्तर पछाड़ते हुए अव्वल बने रहने के लिए कंपनी के चैयरमेन श्री अंकित आनंद एवं एमडी (जनरेशन) श्री एन.के.बिजौरा को बधाई दी।

एमडी (जनरेशन) श्री एन.के.बिजौरा ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के ऊर्जावान नेतृत्व सहित पॉवर कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों के टीम वर्क तथा उत्कृष्ट प्रबंधन को दिया। उन्होंने कहा कि लगभग एक वर्षो से कोरोना वायरस के संक्रमण से बचते हुए विद्युत विकास के मामले में छत्तीसगढ़ ने स्वयं को देश में उत्कृष्ट बनाये रखा है। जुलाई 2020 से अधिकतम उत्पादन की बढ़त को बनाये हुए हमारे ताप विद्युत गृहों ने चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर 2020 में 70.08 प्रतिशत का रिकार्ड तोड़ पीएलएफ को प्रदर्शित किया। जबकि देश के अन्य बड़े उन्नत विकसित राज्यों के विद्युत गृह इस स्तर से काफी पीछे चल रहे है।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर के विद्युत गृहों में दिसम्बर 2020 के अंतिम दिवस तक सर्वाधिक पीएलएफ दर्ज कर छत्तीसगढ़ प्रथम, तेलंगाना स्टेट पॉवर जनरेशन द्वितीय (68.25 प्रतिशत पीएलएफ) तथा सिंगरेनी कोलियारिश निगम लिमिटेड (एससीसीएल) तृतीय स्थान (67.59 प्रतिशत पीएलएफ) रहा।



# सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन हेतु राजनांदगांव संभाग पुरस्कृत

वर्ष 2019-20 में राजस्व बकाया कम करने में सर्वश्रेष्ठ रहे राजनांदगांव संभाग को गणतंत्र दिवस समारोह 2021 में पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चेयरमेन श्री अंकित आनंद से उक्त पुरस्कार के अंतर्गत 50, 000/- रुपए का पारितोषिक कार्यपालन अभियंता इंजीनियर व्ही.आर. के. मूर्ति ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि हेतु राजनांदगांव संभाग की टीम को प्रबंध निदेशक सर्वश्री अशोक कुमार, एन.के.बिजौरा, राजेश वर्मा एवं श्रीमती उज्जवला बघेल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा प्रति वित्तीय वर्ष में निम्नदाब राजस्व बकाया कम करने में अव्वल रहे संभाग को पुरस्कृत किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्युत वितरण कंपनी में सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि तथा उनका उत्साहवर्धन करना है।



# गेरवानी-घरघोड़ा ई.एच.टी. लाईन ऊर्जीकृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शहरों की भांति सुदूर ग्रामीण वनांचलों की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य शासन की ऊर्जा नीति के अनुरूप उच्चस्तरीय प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे कारगर प्रयासों और सुनियोजित कार्ययोजना के बूते 24 फरवरी को 132 के.व्ही. क्षमता की नवनिर्मित डी.सी.एस.एस. गेरवानी-घरघोड़ा लाईन को ऊर्जीकृत करने में पारेषण कंपनी को बड़ी कामयाबी मिली। इस संबंध में प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार ने बताया कि 14.3 करोड़ की लागत से निर्मित इस लाईन के ऊर्जीकृत हो जाने से जशपुर, पत्थलगांव, बतौली जैसे सघन वनांचलों के ग्रामों को समुचित वोल्टेज पर विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी।

25 किलोमीटर से अधिक उक्त अतिउच्च दाब लाईन को लेबर कांट्रेक्ट बेसिस के आधार पर पूर्ण किया गया। छत्तीसगढ़ अंचल के जशपुर एवं आसपास की भौगोलिक संरचना में नदी, पहाड़, जंगल की भरमार हैं। ऐसे क्षेत्रों में सघन वन और पहाडियों के बीच अतिउच्च दाब लाईनों का निर्माण चुनौती भरा कार्य होता है जिसे पूर्ण करके पारेषण कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपनी कार्यदक्षता को प्रदर्शित किया हैं। ऐसे अनथक प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में अतिउच्च दाब लाईनों की लंबाई 12 हजार 823 सर्किट किलोमीटर से अधिक हो गई है।

प्रदेश की विद्युत पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए चार दशक से अधिक पुराने ईएचटी उपकेन्द्रों के रखरखाव, कुशल प्रबंधन और बेहतर निगरानी को कार्यशैली में प्राथमिकता से शामिल किया गया हैं। इससे राज्य की पारेषण प्रणाली की उपलब्धता 99.93 प्रतिशत दर्ज हो रही हैं जो कि एक कीर्तिमान है। साथ ही प्रदेश की पारेषण हानि 3.09 प्रतिशत से घट कर वर्ष 2019-20 में 2.96 प्रतिशत दर्ज हुई।

# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय परिसर में मतदाता दिवस पर शपथ



केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर मुख्य अभियंता श्री ए.के.तिर्की सहित अधिकारियों / कर्मचारियों ने निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने शपथ लिया। उन्होंने लोकतांत्रिका परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने का प्रण किया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री सीताराम साहू, श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन अभियंता श्री पी बी बंजारे, श्री एल आर देवांगन, सहायक अभियंता श्री एस एस पटनायक, ग्रंथालय अधिकारी श्री रूबेन बारा एवं समस्त कार्यालयीन कर्मचारी की उपस्थिति रही।

# 22.4 करोड़ से निर्मित 132/33 के.व्ही. सलका उपकेन्द्र क्रियाशील

## सुदुर ग्रामीण वनांचलों के 135 गांव होंगे लाभान्वित

छत्तीसगढ़ राज्य शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना 132/33 के.व्ही. सलका उपकेन्द्र को पूर्ण कर क्रियाशील करने में एक बड़ी कामयाबी 09 फरवरी 21 को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को मिली। कोरोना काल में प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच विद्युत कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा से पूर्ण हुये इस विशालकाय उपकेन्द्र का लाभ दूरस्थ आदिवासी अंचल के 135 गांव को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। नवनिर्मित उपकेन्द्र की कुल लागत 22.4 करोड़ है। प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में उपलब्ध सस्ती बिजली की आपूर्ति राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप सुदूर ग्रामीण एवं वनांचलों तक करने पारेषण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण युद्ध स्तर पर जारी है।

अतिउच्च दाब सलका उपकेन्द्र में 40 एमव्हीए क्षमता का ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया है। इस उपकेन्द्र की मांग लम्बें समय से सलका, उदयपुर, अंबिकापुर,



लखनपुर, खम्हरिया, परसा, डांडगांव, मोहनपुर, हनुमानगढ़, केदमा, खुमदेवा, गुंम्गा, लटौरी, कुन्नी, केटी, सयार में निवासरत ग्रामीणजन कर रहे थे।

उक्त उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से इन क्षेत्रों में किसी प्रकार के विद्युत अवरोध (ब्रेकडाउन) होने पर सुधार कार्य में अब कम समय लगेगा। साथ ही 135 गांवों के कृषि उद्योग जगत का विकास होगा। इस उपकेन्द्र का सबसे बड़ा फायदा यह भी होगा कि अब परसा कोल माइन्स के रेल्वे ट्रेक्शन को न्यूनतम दूरी की विद्युत लाईन से बिजली आपूर्ति हो सकेगी। उक्त रेल्वे ट्रेक्शन को पूर्व में विद्युत की आपूर्ति 220 केव्ही विश्रामपुर उपकेन्द्र से निकली 60 किलोमीटर लंबी लाईन से की जाती थी। अब इस उपकेन्द्र के बनने से उक्त ट्रेक्शन को केवल 21 किलोमीटर की लंबी ईएचटी लाईन से विद्युत की आपूर्ति होगी जिससे लाईन लॉस में कमी आयेगी और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

एमडी श्री कुमार ने जानकारी दी कि आवश्यकता पड़ने पर सलका उपकेन्द्र (उदयपुर) से अंबिकापुर को भी विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी। इस उपकेन्द्र से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के उदयपुर तथा लखनपुर वितरण केन्द्र के छह 33/11 के.व्ही. के उपकेन्द्रों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी ।

# अधीक्षण अभियंता श्री मौर्या की विदाई - श्री गौरहा का स्वागत



दुर्ग वृत्त कार्यालय के अधीक्षण अभियंता श्री वी.आर मौर्या के रायपुर स्थानान्तरण पर 10 फरवरी को आयोजित उनके बिदाई कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल सहित उपस्थितजनों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। साथ ही उनका अभिनंदन कर आगे भी सफलतम कार्यकाल बने रहने मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में दुर्ग वृत्त में नये पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा का भी स्वागत किया गया। बिदाई समारोह में मुख्य रु. से कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. टंडन, श्री आर के. श्रीवास्तव, श्री एस.एस.बघेल, श्रीमती सनीली चैहान एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी दुर्ग श्री वाए.कोसरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री बी.एस राजपूत द्वारा किया गया।



## पॉवर कम्पनीज के चिकित्सालय पूर्ववत खुलेंगे दो पाली में

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज के विभिन्न चिकित्सालयों-औषधालयों सहित पैथोलाजी लेब के संचालन की नई समय सारणी जारी की गई है। पॉवर कंपनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल.पंचारी द्वारा जारी आदेशानुसार अब चिकित्सालयों-औषधालयों की ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी सेवायें) एवं पैथोलॉजी लेब प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12.30 बजे एवं सायं 4 से 6 बजे तक संचालित होंगे। इसके साथ ही समस्त द्वितीय एवं तृतीय शनिवार तथा अन्य शासकीय अवकाश के दिनों में चिकित्सालयों एवं औषधालय प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक खुलेंगे। समस्त रविवार एवं राष्ट्रीय अवकाश के दिनों में ओ.पी.डी. सेवायें बंद रहेंगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम कार्यालय भवन का उद्घाटन



राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में नवनिर्मित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (इलेक्ट्रीसिटी कन्जूमर्स ग्रिवेन्सेश रिड्रेशल फोरम) कार्यालय भवन का उद्घाटन 04 फरवरी 21 को पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने किया। उन्होंने प्रदेश के 58 लाख से अधिक विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सहित उपभोक्ता संतोष के लक्ष्य को अर्जित करने की दृष्टि से फोरम की महत्ता को रेखांकित किया। रायपुर स्थित फोरम कार्यालय के अन्तर्गत दुर्ग, राजनांदगावं तथा रायपुर शहरी-ग्रामीण क्षेत्र आते हैं।

इस अवसर पर फोरम के अध्यक्ष इंजीनियर श्री एन.एल. साहू, सदस्य इंजीनियर एन.विश्वकर्मा सहित कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, मुख्य अभियंता (ओ.ए.एण्ड एम) श्री मधुकर जामुलकर, मुख्य अभियंता रायपुर शहर श्री आर.ए. पाठक सहित सिटी सर्किल-एक एवं दो के अधीक्षण अभियंता सर्वश्री ए.के. लखेरा एवं चन्द्रहास मरकाम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## विद्युत उपभोक्ता फोरम का कार्य-उपादेयता

छत्तीसगढ़ को विद्युत के मामलें में देश के अग्रणी राज्य के रु. में पहचान मिली है। यहॉ उत्पादित बिजली का शतप्रतिशत लाभ उपभोक्ताओं को मिल सके तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का गठन किया गया है। रायपुर में संचालित उक्त फोरम के अन्तर्गत चार बड़े क्षेत्र आते हैं जिसमें दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर शहरी क्षेत्र में कार्यरत पॉवर कम्पनीज के कार्यालय आते हैं। इन कार्यालयो से जुड़े उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण पॉवर कम्पनीज कार्यालयों में नहीं होने की स्थिति में उपभोक्तागण फोरम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जहॉ सुनवाई के उपरांत न्यायोचित निराकरण किया जाता है साथ ही किसी प्रकार की चूक या गड़बड़ी सिद्ध होने पर उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति करने का निर्णय भी लिया जाता है।

# जगदलपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम



जगदलपुर क्षेत्र में लाईन कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण संस्थान के तत्वाधान में सी एंड डी श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 25 से 27 फरवरी 2021 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को अपग्रेडेशन ऑफ कम्प्यूटर ऑपरेशन स्किल्स के तहत ऑफिस आटोमेशन कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम, ट्रबल शूटिंग, एमएस वर्ल्ड, एक्सेल, इंटरनेट एवं ईमेल, इंटरनेट सुरक्षा आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। समारोह में कार्यपालक निदेषक श्री जे.एस.नेताम, अधीक्षण अभियंता श्री ए.क.गुप्ता द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को पेन डाईव, एलईडी बल्ब, प्रमाण पत्र आदि वितरित किये गये।

# पुसौर विकासखंड के ग्राम तुरंगा में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र का लोकार्पण

माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय करने विद्युत प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है। यह पॉवर कंपनीज के अधिकारियों-कर्मचारियों की सतत् सक्रियता का भी उदाहरण है। उक्त विचार रायगढ़ के मान. विधायक श्री प्रकाश नायक ने पुसौर विकासखंड के ग्राम तुरंगा में नवनिर्मित उपकेन्द्र के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। इस उपकेन्द्र को ग्रामीण विकास एवं कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए मान. विधायक श्री नायक ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत निर्मित 33/11 केव्ही तुरंगा उपकेन्द्र से क्षेत्र की विद्युत विषयक समस्याओं का निदान हुआ है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बिजली चलित व्यूबवेल है जिससे बिजली का भार बढ़ जाता है किन्तु नये उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से अब समुचित वोल्टेज पर क्षेत्रवासियों को बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि सहित कार्यपालन अभियंता गुंजन शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। रायगढ़ क्षेत्र के मुख्य



अभियंता श्री सी.एस.सिंग ने भी अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा तुरंगा उपकेन्द्र की भांति अन्य विद्युत विषयक कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा कर विद्युत से विकास का नया इतिहास रचने प्रेरित किया।

# पॉवर कंपनी के एसीएमओ डॉ. छाबड़ा की विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के.एस.छाबड़ा की सेवानिवृत्ति पर कंपनी मुख्यालय में 27 फरवरी 2021 को भावभीनी विदाई दी गई। कंपनी के मानव संसाधन विभाग में आयोजित विदाई समारोह में महाप्रबंधक श्री जी.एल.चंद्रा ने सेवानिवृत्त हो रहे एसीएमओ डॉ. छाबड़ा को शॉल, श्रीफल, प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में जी.एम. श्री चंद्रा ने चिकित्सा जगत में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए डॉ. छाबड़ा के सुखमय जीवन की कामना की। चिकित्सालय में विदाई समारोह में



सीएमओ डॉ. पंचारी सहित डॉ. निलेश सिंह, डॉ. श्वेता कोसले, डॉ. अल्पना बराई विश्वास ने अभिनंदन किया।

कोविड 19 के संक्रमण की रोकथाम और सावधानी को दृष्टिगत रखते हुए सादे ढंग से आयोजित विदाई कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल.पंचारी, एजीएम श्री जितेन्द्र मेहता, श्री पी.पाण्डेय, कर्नल प्रदीप भदौरिया सहित डीजीएम सर्वश्री जी.खंडेलवाल, के.एस.भारती, आनंद मोखरीवाल, पंकज सिंह, अतुल तिवारी, रामेश्वर नागतोड़े एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी डॉ. छाबड़ा का स्वागत कर मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। विदाई कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने एसीएमओ डॉ. छाबड़ा के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला।



# गणतंत्र दिवस समारोह बलौदा बाजार में ईई श्री राठिया पुरस्कृत




कोरोना काल में लाकडाउन के दौरान कठिन परिस्थितियों में भी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की विद्युत व्यवस्था को सतत सुचारू रु. से बनाये रखने के लिए बलौदा बाजार में सेवारत कार्यपालन अभियंता श्री व्ही के राठिया को छत्तीसगढ शासन के पंचायत-ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग के मान.मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव के हाथों प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। गणतंत्र दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन (आई.ए.एस.) ने भी श्री राठिया एवं उनके टीम की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

समारोह में उपस्थितजनों के मध्य श्री राठिया सहित उनकी पूरी टीम की सराहना की गई जिनके द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा में लॉकडाउन के दौरान 314 विफल टांसफार्मर को बदलने सहित 31 नये टांसफार्मर स्थापित करने का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। ऐसे कठिनतम दौर में चले आंधी-तूफान ने जिले के 796 विद्युत खम्भों को क्षतिग्रस्त हुए थे। क्षतिग्रस्त खम्भों के स्थान पर नये खम्भों की त्वरित स्थापना और विद्युत की जल्द बहाली एक बड़ी चुनौती थी जिसे ईई श्री राठिया सहित उनकी टीम ने सफलतापूर्वक संपादित किया।

# पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बने श्री चंद्रा

## "लालटेन की रोशनी से लट्टू की लाईट तक की यात्रा"



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के आदेशानुसार श्री गिरधर लाल चंद्रा मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक बनाये गये, तदनुसार उन्होंने 13 जनवरी 2021 को पदभार ग्रहण किया। नवपदस्थ महाप्रबंधक श्री चंद्रा को कंपनीज के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित विभिन्न श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री चंद्रा ने पॉवर कंपनीज की कर्मचारी हितैषी नीतियों के अनुरूप कार्य-संस्कृति को बनाये हुए बेहतर परिणाम देने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने ग्रामीण अंचल में बीते अपने बचपन से लेकर अब तक की जीवनयात्रा को संक्षेप में "लालटेन की रोशनी से लट्टू की लाईट तक की यात्रा" नाम दिया।

नई पदस्थापना के पूर्व श्री चंद्रा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक कार्यालय रायपुर में पदस्थ थे। नवपदस्थ महाप्रबंधक श्री चंद्रा का जन्म 01 अक्टूबर 1959 को किरीत ग्राम जिला जांजगीर-चांपा में हुआ। अपनी माता श्रीमती रामबाई चन्द्रा एवं पिता श्री परसराम से मिले सुसंस्कारों के साथ अपनी जीवनयात्रा में आपने आगे बढ़ते हुए वर्ष 1977 में हायर सेकण्डरी की परीक्षा नवागढ़ के स्कूल से उत्तीर्ण की। आगे बी.ई. की उपाधि वर्ष 1983 में बिलासपुर के महाविद्यालय से अर्जित करने के उपरान्त वर्ष 1984 से ग्रेजुएट ट्रेनी के रु. में अपनी सेवायात्रा का शुभारंभ मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल रायगढ़ से किया। इस पद पर आपने बिलासपुर, रायपुर एवं जबलपुर में अपनी सेवायें दी।

सौंपे गये दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए वर्ष 1986 में सहायक अभियंता, वर्ष 2005 में कार्यपालन अभियंता तथा वर्ष 2011 में अधीक्षण अभियंता के पद पर आपको पदोन्नति प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने दंतेवाड़ा, रायपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर एवं कांकेर में अपनी सफलतम् सेवाएं दी। आपकी कार्यशैली का मूल्यांकन करते हुए पॉवर कंपनी प्रबंधन द्वारा वर्ष 2019 में आपको अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई। सेवायात्रा में तकनीकी और मैदानी कार्यों के क्षेत्र में अपनी कार्यदक्षता को प्रदर्शित करते हुए आप आगे बढ़ते रहे। इसी क्रम में आपको पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया। लगभग 36 वर्ष की सेवा काल के दौरान आपने विद्युत विषयक कार्यों के साथ-साथ वितरण कंपनी के मानव संसाधन विभाग में भी अपनी सेवाएं दी। आपकी अभिरूचि अध्यात्म, बागवानी एवं प्रकृति में है। आप सकारात्मक सोच सहित निर्माण-नवसृजन को अपनी सफलता का मूल मंत्र मानते हैं।

# पॉवर कंपनी के एच.आर. से श्री सत्संगी की विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में पदस्थ प्रभारी महाप्रबंधक श्री ए.के.सत्संगी का स्थानांतरण उपरान्त विदाई तथा उनके स्थान पर पदस्थ अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री प्रद्युम्न पाण्डेय का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन कार्यालय में 7 जनवरी 21 को किया गया। विदाई-



स्वागत समारोह में श्री सत्संगी को मानव संसाधन विभाग की ओर से देय स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। साथ ही डॉ. के.एस.छाबड़ा, जितेन्द्र मेहता, जी.खंडेलवाल, डॉ. अल्पना शरत तिवारी, के.एस. भारती, कर्नल प्रदीप भदौरिया, के.एस.तिवारी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एजीएम श्री विजय मिश्रा ने किया।

# पॉवर कंपनी के ईडी श्री दुबे एवं श्री ठाकुर की भावभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेवा से सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक निदेशक सर्वश्री अजय दुबे एवं राजेन्द्र सिंह ठाकुर को 30 जनवरी 2021 को भावभीनी विदाई दी गई। लगभग चार दशक की अपनी सेवायात्रा में वरिष्ठ अधिकारियों ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन के सभाकक्ष में आयोजित विदाई कार्यक्रम में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक सर्वश्री अशोक कुमार, एनके बिजौरा, हर्ष गौतम, राजेश वर्मा, श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य उच्चाधिकारियों ने भी मंगलकामनाएं दी।

स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए ईडी श्री अजय दुबे ने शासकीय सेवा में पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को व्यक्त किया तथा उच्चाधिकारियों के साथ अन्य सहयोग सेवाकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में ईडी श्री राजेन्द्र ठाकुर ने उत्पादन के क्षेत्र में आई चुनौतियों और सूझबूझ के साथ चुनौतियों के निदान से अर्जित सफलता को व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# राजनांदगांव एवं कवर्धा में नववर्ष मिलन समारोह



राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम द्वारा राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले कें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में भी राजनांदगांव एवं कवर्धा जिलें में सतत् विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगें। नवागत वर्ष 2021 में बिजली संबंधी नई योजनाओं और उपभोक्ता हित में नई सुविधाओं का विस्तार करने पॉवर कंपनी संकल्पित है। आने वाले समय में विद्युत विकास की संभावनाओं को साकार करने में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साथ में मिलकर टीमवर्क की भावना लिये और तेजी से काम की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि नववर्ष यही संदेश देता है कि बीते वर्ष की गलतियों से सबक लेते हुये आने वाले समय में अपनी कार्यशैली को उपभोक्ता हित में और बेहतर बनायें। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री मंगल तिर्की, श्री तरूण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता सुश्री गीता ठाकुर, स्टॉफ आफिसर श्री के.के. देवांगन, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज देवांगन, सहायक अभियंता श्री आर.के. राय, कनिष्ठ अभियंता श्री हेमराज साहू, श्रीमती उषा साहू, पीआरओ डी. एस. मंडावी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रशासनिक अधिकारी श्री त्रिपाठी की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी, श्री यू.सी.त्रिपाठी के सेवानिवृत्त पर 31 जनवरी 21 को आयोजित विदाई कार्यक्रम में दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने श्रीफल, शॉल एवं उपहार से सम्मानित कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री एच.के.मेश्राम ने भी शुभकामनाएं की अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम का संचालन श्री बी.एस.राजपूत एवं आभार प्रदर्शन श्री पी.के.रूसिया द्वारा किया गया।

परिचयावली

# मुख्य अभियंता श्री संजय दत्तात्रय तेलंग

न्यूनतम व्यय से पॉवर ट्रांसफार्मर मरम्मत, शत प्रतिशत बिलिंग, यथासमय आर-ए.पी.डी.आर.पी. निविदा संबंधी कार्य का निष्पादन, एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल लॉसेस (ए टी एंड सी) में कमी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी कार्यदक्षता को सेवायात्रा में प्रदर्शित करते हुए श्री संजय दत्तात्रय तेलंग वर्तमान में पारेषण कंपनी में मुख्य अभियंता (भंडार एवं क्रय) के पद पर रायपुर में पदस्थ है।



श्री संजय तेलंग का जन्म 04 जून 1959 को जबलपुर (मध्यप्रदेश) में हुआ। आपको जीवनयात्रा में सुसंस्कारों के साथ अनवरत् प्रगतिपथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा अपनी माता स्व.श्रीमती शैलजा एवं पिता स्व. श्री दत्तात्रय तेलंग से मिली। आपने वर्ष 1976 में हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त वर्ष 1981 में बी.ई. की उपाधि जबलपुर अभियांत्रिकी महाविद्यालय से प्राप्त की।

विद्या अध्ययन की पूर्णता के उपरांत वर्ष 1983 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में ग्रेजुएट ट्रेनी के रु. में आपने इटारसी से अपनी सेवायात्रा आरंभ की। आगे वर्ष 1984 में सहायक अभियंता के पद पर आपको नियमित नियुक्ति ग्वालियर में मिली। इस पद पर आपने ग्वालियर एवं रायपुर में अपनी सेवाएं दी। आगे वर्ष 2002 में कार्यपालन अभियंता तथा 2010 में अधीक्षण अभियंता एवं 2018 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर आपको पदोन्नति प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने रायपुर, जगदलपुर में अपनी तकनीकी कार्यकुशलता को प्रदर्शित किया। जिसका मूल्यांकन करते हुए कंपनी प्रबंधन द्वारा आपको वर्ष 2019 में मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई।

37 वर्षों से अधिक की सेवा यात्रा के दौरान आपने वर्ष 1993 एस.टी.एम ग्वालियर में रहते हुए न्यूनतम व्यय पर पॉवर ट्रांसफार्मर के सुधार कार्य, वर्ष 1996 से 1999 के दौरान ग्वालियर के बड़े औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों में विद्युत चोरी पर नियंत्रण सहित शत प्रतिशत बिलिंग करने, वर्ष 2016-17 में बिलासपुर में सेवारत रहते हुए ए.टी. एंड सी. लॉस में कमी (14.65 प्रतिशत) करने सहित वर्ष 2011-12 में रायपुर में पदस्थ रहते हुए रि-स्ट्रक्चरिंग एक्सीलरेटेड पॉवर डेवलपमेंट एंड रिफार्म प्रोग्राम (आर-एपीडीआरपी) संबंधी निविदा कार्य का निष्पादन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया। आपकी विशेष अभिरूचि क्रिकेट, शतरंज खेलने के अलावा अपने कार्यक्षेत्र में नवीन तकनीकी को समाहित करने हेतु संबंधित विषय ज्ञानार्जन में है। अपनी सफलता का मूल मंत्र कर्तव्यनिष्ठा हेतु दृढ़ संकल्प, क्वालिटी कंट्रोल और यथासमय कार्य-निष्पादन को मानते हैं।

# पत्रकारिता विवि के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में एजीएम श्री मिश्रा की सहभागिता




कुशाभाई ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसम्पर्क अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने भागीदारी दी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो.बलदेवभाई शर्मा, आईआईएमसी, नई दिल्ली की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जयश्री जेठवानी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रिकारिता विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभागाध्यक्ष प्रो.पवित्र श्रीवास्तव, प्रमुख मीडिया, शिक्षाविद, छात्र एवं पत्रकार, संपादक सहित विभिन्न पत्रकारिता विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बताया गया कि विज्ञापन एवं जनसम्पर्क का क्षेत्र बहुत ही व्यापक है जिसकी शुरूआत मनुष्य की सभ्यता की शुरूआत से ही मानी जा सकती है। अलग-अलग राज्य सत्ताओं द्वारा भी विज्ञापन व जनसंपर्क का कैसे सहारा लिया जाता रहा है ।

ए.जी.एम. श्री मिश्रा ने बताया कि विज्ञापन व जनसंपर्क महीन से महान बनाने की एक कला है। विज्ञापन आप व हम सभी के बीच स्थापित होने की प्रक्रिया का नाम है। विज्ञापनों में भाषा का प्रयोग कैसे महत्वपूर्ण है, को बताते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं को दिल और दिमाग में बैठाने के लिए भाषा का सुगम व सरल होना बेहद जरूरी है । छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी द्वारा बिजली बचाओ अभियान के संदर्भ में कैसे छत्तीसगढ़ी भाषा प्रभावकारी रहा, इसके बारे में भी उन्होंने बताया। कार्यक्रम के अंत में कुशाभाई पत्रिकारिता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.आनंद बहादुर सिंह ने आभार एवं कार्यक्रम का संचालन आशुतोष मंडावी ने किया। कार्यक्रम के वक्ताओं का परिचय संयोजक प्रोफेसर शैलेंद्र खंडेलवाल ने प्रस्तुत किया।

# गणतंत्र दिवस समारोह 2021 में उत्कृष्ट कर्मियों का सम्मान

**गणतंत्र दिवस समारोह 2021 का आयोजन कंपनी मुख्यालय डंगनिया के खेल मैदान में प्रतिवर्षानुसार किया गया। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऊर्जावान 16 विद्युत कर्मियों को पारितोषिक, पदक एवं प्रशस्ति पत्र से मुख्य अतिथि चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) के साथ ही प्रबंध निदेशक सर्वश्री अशोक कुमार, एन.के. बिजौरा, राजेश वर्मा, श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने सम्मानित किया। समारोह में चेयरमेन श्री आनंद ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कोविड-19 को परास्त कर प्रगति की गति को विद्युत कर्मियों ने बनाये रखा। कठिन चुनौतियों के बीच कोरोना वारियर्स की भूमिका निभाने वाले ऐसे कर्मियों का सम्मान अन्य कर्मियों के लिये प्रेराणास्पद है।**

सम्मान समारोह में पॉवर होल्डिंग कपंनी के महाप्रबंधक श्री जी.एल. चन्द्रा ने पुरस्कृतजनों के उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। ऐसी प्रगति को अनवरत बनाये रखने में निष्ठापूर्वक जुटे ऊर्जावान कर्मियों को आज राष्ट्रीय पर्व पर पुरस्कृत करते हुए हम गौरवान्वित हैं। आशा है हमारे अन्य विद्युत सहकर्मी इनसे प्रेरणा लेकर उत्कृष्ट कार्य निष्पत्ति का प्रदर्शन करेंगे। जी.एम. श्री चन्द्रा ने पुरस्कृत कर्मियों के उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी पर निम्नानुसार प्रकाश डाला-

- **डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी बेमेतरा** में पदस्थ परिचारक श्रेणी सर्वश्री नागेन्द्र सातपूते, श्री रितेश बरगड़े, ने शिवनाथ नदी में आई बाढ़ से रांका एवं बेमेतरा (ग्रामीण) वितरण केन्द्र के अधीन आने वाले 7 गांवों में टूटे पोल एवं केबल सहित ट्रांसफार्मर-लाईन को सुधारने का कार्य नाव पर सवार होकर पूर्ण किया। जिससे बाढ़ग्रस्त गांव की विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी।
- **डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी कांकेर** में पदस्थ परिचारक सर्वश्री सुभाष सेठिया एवं श्री अस्तु राम कुंजाम ने ग्राम बरेठिनबहरा के फसल भरे खेतों में स्थापित बिगड़े ट्रांसफार्मर के बदलने हेतु नये भारी भरकम ट्रांसफार्मर को कंधे पर लादे 01 किलोमीटर की दूरी तय किया और फसल को बिना नुकसान पहुंचाये नये टांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत करने का उल्लेखनीय कार्य किया।
- **ट्रांसमिशन कंपनी** के श्री ओमशंकर कुंजाम, परिचारक श्रेणी-2 ने भिलाई, चरोदा, कुम्हारी क्षेत्र में हुए भारी लाईटनिंग व बारिश के कारण 400 केव्ही पीजीसीआईएल उपकेन्द्र की ब्रेकडाउन लाईन को चालू करवाने संबंधी कार्यों को अपनी टीम के साथ बरसते पानी में सूझबूझ साहस का परिचय देते हुए रात्रि में ही पूर्ण किया।
- **ट्रांसमिशन कंपनी** के श्री प्रदीप कुमार साहू, सहायक अभियंता ने अपनी तकनीकी दक्षता के बूते 400 केव्ही उपकेन्द्र कुरूद में ट्रांसफार्मर - बे-कमिशनींग तथा आटोमेशन सिस्टम में आई खराबी को अल्प समय में दूर करने का उल्लेखनीय कार्य किया।





- **जनरेशन कंपनी** के श्री प्रवीण कुमार पंडया, कार्यपालन अभियंता ने हसदेव बांगो जलविद्युत गृह, के रखरखाव सहित इकाईयों के डाउन टाईम को न्यूनतम करने का उल्लेखनीय कार्य वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान किया।
- **जनरेशन कंपनी** के श्री निशांत मुंडेजा, प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) ने भारतीय स्टेट बैंक में नगद साख सीमा (सी.सी.लिमिट) रु. 435 करोड़ थी। इस पर ब्याज दर को संशोधित कराने सहित कंपनी को लगभग रु. 2.25 करोड़ की राशि ब्याज मद में बचाने का उल्लेखनीय कार्य किया।
- **डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी** के कनिष्ठ अभियंता श्री दिनेश कुमार देवांगन, ने आर.ए.पी.डी.आर.पी. योजना से संबंधित 11 केव्ही फीडर्स के विभिन्न शहरों में ए.एम.आर. एवं एम.आर.आई. द्वारा पठनीयता के प्रतिशत में उत्तरोत्तर

वृद्धि करने, उपभोक्ताओं का मास्टर डॉटा ऊर्जामित्र पोर्टल में समाहित करने, फीडर मेपिंग, यूजर्स आई.डी. निर्माण, सहित ऊर्जामित्र मोबाईल ऐप के संचालन हेतु उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने का उल्लेखनीय कार्य किया।

- **डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी** के श्री रामदरस पटेल ने लॉकडाउन की विषम परिस्थिति में भी प्रबंध निदेशक कार्यालय में उपस्थित रहकर भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया। समय एवं दिन की परवाह किये बिना कार्यालय में उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निवर्हन किया।
- **ट्रांसमिशन कंपनी** की सहायक अभियंता श्रीमती ज्योति कुमारी शर्मा सिंह, ने विभिन्न क्रय संबंधित कार्यो की प्रक्रिया तैयार करने, ओपन एक्सेस आवेदनों का उपयुक्त निरीक्षण एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने, केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त पावर सिस्टम डेवलपमेंट फंड हेतु सीमित समय में निविदा तैयार करने का उल्लेखनीय कार्य किया।
- **ट्रांसमिशन कंपनी** के श्री के.के.गुप्ता, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक ने कोरोना संक्रमण काल में प्रतिकूल परिस्थितियों के मध्य उच्च वेतनमान, नियमितीकरण, स्थायीकरण, पुनर्नामीकरण, अनुकंपा नियुक्ति एवं वरिष्ठता सूची संबंधी कार्यो कों निष्पादित करने का उल्लेखनीय कार्य किया।
- **उत्पादन कंपनी** के श्री अम्बरीश सक्सेना, कार्यपालन अभियंता ने कोविड-19 के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के मध्य डीएसपीएम विद्युत गृह के इकाई क्रमांक 02 के रखरखाव में हो रही कठिनाईयों से मुख्य वाष्प निरीक्षक, रायपुर को अवगत कराने सहित उक्त इकाई के संचालन की वैधता को 17.12.2020 तक बढ़ाने संबंधी कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जिससे कंपनी को लगभग रु.2.98 करोड़ की बचत हुई।
- **उत्पादन कंपनी** के श्री गुरू प्रसाद कुशवाहा, ने अपने कार्यों के अलावा उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त निर्देशों के परिपालन में अपनी उत्कृष्ट कार्यदक्षता को प्रदर्शित किया और कार्यालयीन कार्यों के संपादन में उल्लेखनीय योगदान दिया।
- **होल्डिंग कंपनी** के श्री राजेश तांती, प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) ने पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के मध्य सभी आस्तियों-देनदारियों के बंटवारे संबंधी कार्य तथा विभिन्न बॉण्ड्स पर देय ब्याज की दर को कम करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- **होल्डिंग कंपनी** के श्री मूल सजीवन शर्मा, फार्मासिस्ट ने डंगनिया औषधालय को स्थापित करने, औषधियों के वितरण, क्रय की जाने वाली दवाईयों के इंडेड निर्माण, स्टॉक में पंजीबद्ध करने, कम्प्यूटर में दर्ज करने जैसे उल्लेखनीय कार्यों का निष्पादन कार्यालयीन समय के पश्चात भी किया।

## हसदेव ताप विद्युत गृह में कर्मियों की भावभीनी विदाई





हसदेव ताप विद्युत गृह से दिसंबर 2020 एवं जनवरी 2021 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारी सर्वश्री विरेश भाई भट्ट, सीताराम भुवने, निमन टोप्पो, जीवेंद्र कुमार शांडिल्य, तत्व लोचन यादव, जयप्रकाश देवांगन, नंदकिशोर सिंह, बाबूलाल, उमेश कुमार अय्यर, गणेश राम महरा, जोइधा राम साहू और रामरतन सिन्हा को पावर कंपनी की ओर से भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एसके मेहता एवं श्री आरके श्रीवास द्वारा सेवानिवृत अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री बीडी बघेल, सुनील नायक, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव, बीके भगत एवं राजू लहरी के साथ कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल को पॉवर कंपनी के हित में बताते हुए उनके उज्जवल व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

# जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह



जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री जे एस नेताम ने ध्वजारोहण कर वीर सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्युत विकास पर जोर दिया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिये सर्वश्री गंगा राम मण्डावी, शत्रुघन लाल ध्रुव, राजूराम भास्कर पतिराम, अस्तु राम कंजुाम एवं सुभाष सेठिया को प्रशस्ती पत्र, पदक एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# एचटीपीपी में पूरे उत्साह से मना 72वां गणतंत्र दिवस

**हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री आरके श्रीवास ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के मुश्किल घड़ी में भी हम अपने कर्तव्य, निष्ठा और योग्यता के अस्तित्व की पहचान बनाए रखने में कामयाब रहे।**

उन्होंने बताया कि मिनीमाता हसदेव बांगो जल विद्युत गृह माचाडोली ने अगस्त 2020 में 98.278 प्रतिशत सीयूएफ के साथ 87.743 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर विद्युत संयंत्र के 25 वर्षों के जीवनकाल में सर्वाधिक मासिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा है। इसके लिए उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

श्री श्रीवास ने उत्तम कार्य निष्पादन के लिए राज्य स्तर पर कार्यपालन अभियंता श्री प्रवीण कुमार पंडया को मुख्यालय रायपुर में सम्मानित होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके अलावा मुख्यालय की अनुशंसा पर कनिष्ठ अभियंता श्री नरेंद्र कौशिक को मुख्यालय से प्राप्त एक हजार रूपए नगद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं पदक से मुख्य अतिथियों के हाथों संयंत्र परिसर में सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में 81 तकनीकी अधिकारी और कर्मचारी एवं 28 ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री बीडी बघेल, सुनील नायक, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव, राजू लहरी, बीआर भगत समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी संदीप तिग्गा एवं संचालन कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा किया गया।





## सार्थक संस्था ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड बिलासपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामाजिक संस्था सार्थक द्वारा कल्याण भवन तिफरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2020 बोर्ड परीक्षाओं के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके विद्यालय को "सार्थक सम्मान" से तथा कक्षा 8वीं तक के बच्चों के लिए आयोजित ऑनलाईन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री भीम सिंह कंवर कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी एवं संस्था के संतोष महतो, महेश श्रीवास, निखिलेश शर्मा, संतोष शर्मा, बी.आर. शर्मा, शरद देशमुख, शिशिर मजुमदार, सैयद सलीम, श्री महेश, एन.सी. मिश्रा, आर एस. ठाकुर, मनीष क्षत्री, श्रीनिवास, आर. के. तिवारी, गिरीश श्रीवास्तव, आनंद देव तिवारी उपस्थित रहे।

## मंडला-बघेरा उपकेन्द्र में 5 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील



राजनांदगांव के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए अमलीपारा उपसंभाग के अन्तर्गत ग्राम मंडला में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में तथा सोमनी उपसंभाग के अन्तर्गत घुमका वितरण केन्द्र के ग्राम बघेरा में 5 एम.व्ही.ए. के नये पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार दोनों उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 5 एम.व्ही.ए. हो गई है। इस नये पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से इन उपकेन्द्रों की परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री व्ही. आर.के. मुर्ति एवं खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर. साण्डे ने बताया कि मंडला उपकेन्द्र में स्थापित नवीन 5 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से लगभग 3500 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री तरूण कुमार ठाकुर द्वारा अभियंता सर्वश्री एन. के. गुरूपांचायन, ए.के. बिजौरा, मुकेश कुमार साहू, सुश्री श्वेता कोसरिया, सुश्री किरण जांगडे, कुन्दन यदु और उनकी टीम को बधाई दी।



**नाराज न होना कभी यह सोच कर कि काम मेरा है और नाम किसी और का हो रहा है। घी और रु. सदियों से साथ-साथ जलते चले आ रहे है, पर लोग कहते हैं कि दिया जल रहा है।**



# अमर शहीदों को विद्युतकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि



भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बिलासपुर क्षेत्र के तिफरा में किया गया। जिसमें पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए देशभक्तों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर, अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. कश्यप, कार्यपालन अभियंता श्री आर. के. कश्यप, श्री सी.एम. बाजपेयी, श्री पी.आर. साहू सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

# कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस का आयोजन

**कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री एस.पी.चेलकर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमर शहीदों को नमन किया। सुरक्षा उपनिरीक्षक श्री कमलेश कुमार निषाद के नेतृत्व में सुरक्षा सैनिकों ने आकर्षक परेड की प्रस्तुति दी।**

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री चंचल पैकरा, श्री आर.लकरा, शैलेन्द्र शर्मा, आशीष ब्रम्हभठ, बी.के. पाटले, बी.आर.भगत, टी.के.नेताम, राजेश रंधे बी.टोप्पो, ए.एस.मरावी, ए.के.पुनवटकर, श्रीमती उर्मिला बनाफर अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य रसायनज्ञ श्री ए.के.कुरनाल एवं श्रीमती मालती जोशी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री चेलकर ने नागरिको के दायित्वों पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में उन्होंने 2x120 मेगावॉट की बन्द ईकाईयों के योगदान का उल्लेख करते हुए अन्य चालू इकाईयों में उत्पादित विद्युत से सतत् विकास पथ पर आगे बढ़ने प्रेरित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोरबा पूर्व के श्रम कल्याण समिति द्वारा अनुशंसित 26 कर्मियों को पदक, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा 09 समूहों में 64 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.पी.बारले तथा संचालन सहायक अभियंता श्रीमती वंदना बरेठ एवं मानचित्रकार श्री सुरेश सोनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया लाल कैवर्त, मोहन साहू एवं आई.एंड सी.एवं सिविल एवं उद्यान विभाग के कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा।





ज़िंदगी की राहों में ऐसा अक्सर होता है
फैसला जो मुश्किल होता है वही बेहतर होता है...



18 | जनवरी-फरवरी 2021 | संकल्प

# नदी के ऊफान को पारकर बिजली आपूर्ति बहाल करने वाले कर्मी सम्मानित

## पारेषण कंपनी के उत्कृष्ट कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र-पदक-पारितोषिक

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में अपनी कार्यदक्षता का प्रदर्शन करते हुए विद्युत सेवा बहाल की। उन्हें पाँच हजार रूपए के साथ प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में हर साल दो बार यह पुरस्कार दिया जाता है। कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद तथा कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार ने पुरस्कृत कर्मियों को शुभकामनाएं दी। कोविड-19 के कारण इस वर्ष पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम नहीं किया गया, उन्हें कार्यालय प्रमुखों द्वारा यह पुरस्कार वितरित किया गया। डगनिया स्थिति कार्यपालक निदेशक (निर्माण एवं लाइन संधारण) कार्यालय में ईडी श्री पीके गुप्ता ने उन्हें पुरस्कृत किया।



बिलासपुर के लाइन परिचारक श्रेणी-2 (बेल्टमेन) **श्री प्रेमकुमार धनवार** ने कोरोना महामारी के दौरान 400 केवी कोरबा-रायता पारेषण लाइन के विभिन्न टावरों के मिसिंग एंगल को पुनः लगाने का कार्य कुशलता और साहस के साथ किया। उनकी तकनीकी दक्षता और योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।



बिलासपुर सिविल के कार्यालय सहायक श्रेणी-एक **श्री श्यामलाल देवांगन** को कोरोना महामारी के दौरान कार्यालय संचालन के कार्यों एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



जगदलपुर के परीक्षण पर्यवेक्षक **श्री मकसूद अहमद खान** को 132 केवीए उपकेंद्र के छह फीडर, 33 केवी के 10 फीडर और 11 केवी के छह फीडर के आपरेशन एवं मेन्टेनेंस की कार्यकुशलता के लिए सम्मानित किया गया।



जगदलपुर के कनिष्ठ अभियंता **श्री कृपाराम मंडावी** बारिश के दौरान इंद्रावती नदी में बाढ़ जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य किया। नारायणपुर-बारसूर पारेषण लाइन के ब्रेक डाउन को ठीक करने नाव में सवार होकर साथियों के साथ गए और लाइन के फाल्ट डिस्क इंसुलेटर को बदलकर सप्लाई बहाल की।



132 केवी उपकेंद्र जमनीपाली से टेलीमेटरी डाटा राज्य लोड डिस्पैच सेंटर में नहीं आ रहा था, जिसके कारण इसे कई दिनों तक बंद रखना पड़ा। बिलासपुर के कनिष्ठ अभियंता **श्री संतोष कुमार महतो** ने आरटीयू के विशेषज्ञ इंजीनियरों के इस कार्य को अपने अनुभव और कौशल के आधार पर पूरा किया। जिसके बाद डाटा मिलना शुरू हो सका और मॉक ड्रिल का कार्य कुशलता से पूरा किया जा सका।



220 केवी उपकेंद्र उरला के परीक्षण पर्यवेक्षक **श्री चैन सिंह गजाम** ने अपने कार्य के अलावा पीएसडीएफ योजना के क्रियान्वयन में भागीदारी दी, जिससे उरला क्षेत्र में इस योजना के तहत सबसे ज्यादा नवीनीकरण के कार्य हुए। उपकेंद्र की तकनीकी खराबियों को अविलंब सुधारकर सप्लाई बहाल करने में इनकी दक्षता है।

## पॉवर टेक 2021 में श्री बिम्बिसार द्वारा तकनीकी पत्र की प्रस्तुति

मेटकोर एवं एनपीटीआई द्वारा संयुक्त रु. से आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार - "पॉवर टेक 2021में पॉवर एंड एनर्जी टेक्नोलॉजी समिट (वर्चुअल)" में स्काडा/डी.एम.एस. कन्ट्रोल सेन्टर, रायपुर प्रभारी अधिकारी श्री. एन. बिम्बिसार, कार्यपालन अभियंता के द्वारा एनर्जी लीकेजेस इन पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी संबंधित विषय पर अपना तकनीकी पत्र प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक, छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि. द्वारा निर्देशित मिशन लाईन लॉस रिडक्शन कार्यक्रम के



अन्तर्गत दिए निर्देशों के परिपालन को आधार मानते हुए अभियंता श्री एन. बिम्बिसार ने विद्युत वितरण हानि रोकने जारी प्रयासों को सेमिनार में प्रस्तुत किया गया। उक्त कॉन्फ्रेंस में उपस्थित राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न पॉवर सेक्टर से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा उक्त प्रस्तुति की सराहना की गई। ज्ञात हो कि पूर्व में भी अभियंता श्री एन. बिम्बिसार द्वारा तकनीकी विषयों पर विभिन्न राष्ट्रीय सेमिनार में अनेक पेपर प्रस्तुत कर कंपनी का गौरव बढ़ाया है।

# बिलासपुर में मना गणतंत्र दिवस



बिलासपुर क्षेत्रीय मुख्यालय तिफरा में कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने ध्वाजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी तथा अपने उद्बोधन में विद्युत कंपनी एवं बिलासपुर क्षेत्र के विद्युत विकास से अवगत कराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने के लिए श्रीमती संचारी चैहान, श्री राम प्रताप सरौठिया, श्री अनुप कुमार जोल्हे, श्री बालकरण महरा, नागेन्द्र यादव एवं चैतराम सूर्यवंशी को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री पी.के.कश्यप, श्री जयेश बोंडे, श्रीमती कल्पना घाटे एवं कंपनी के सभी अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# विद्युत कंपनी के नवनियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों की ऑनलाईन ट्रेनिंग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नवनियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों के नौ दिवसीय ऑन लाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत 21 जनवरी 2021 को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में हुई। कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षात्मक उपायों का अनुपालन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को ऑन लाइन करने का फैसला किया गया। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अभियंता श्री ए के तिर्की द्वारा जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार नवनियुक्त 550 डाटा एंट्री ऑपरेटरों को 18 समूहों में अलग-अलग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पॉवर कंपनी के कार्य कलाप की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें जन सरोकार के साथ अपने कार्यों में संवेदनशीलता के बारे में बताया गया।

राज्य स्तरीय प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ डॉ सीताराम साहू ने प्रशिक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को काम के दबाव को नियंत्रित करते हुए कार्यकुशलता को कैसे अप्रभावित रखें इसकी जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण को ज्ञान और कौशल विकास का अवसर बताते हुए भविष्य के लिए प्रशिक्षण को मार्गदर्शक भी बताया।

प्रशिक्षक डॉ. साहू ने कहा कि डाटा एंट्री ऑपरेटर कंपनी के गैर तकनीकी कार्यों के प्रमुख आधार हैं। नए दौर में काम-काज की बदलती और चुनौतीपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्मचारियों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षार्थियों को अलग- अलग सत्रों में प्रशिक्षक श्री रूबन बारा, श्री एल.आर. देवांगन तथा श्री ए.के.शर्मा प्रशिक्षण दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पॉवर कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग अपनी स्वयं की वीडियो कांफ्रेंसिंग नेटवर्क के जरिए यह प्रशिक्षण आयोजित करता है।

# कर्मियों को पॉवर ग्रिड में टॉवर चढ़ने का प्रशिक्षण



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मचारियों को टॉवर चढ़ने और ब्रेकडाऊन-शटडाऊन का प्रशिक्षण दिया गया। चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 400/220 केवी पॉवर ग्रिड कुम्हारी में किया गया। प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पॉवर ग्रिड ने पहली बार अपने संस्थान में बाहरी संस्थान के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इसमें ट्रांसमिशन लाइन में चढ़ने, मेन्टेनेंस, ब्रेकडाऊन, शटडाऊन के कार्य के बार में विस्तार से बताया गया एवं इनका प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में 12 प्रशिक्षुओं को 150 फीट ऊंचे 400 केवी टॉवर लाइन में चढ़ने का अभ्यास भी कराया गया। इस कार्यक्रम में ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता(निर्माण एवं लाइन संधारण) श्री पीपी सिंह, पॉवर ग्रिड के सीनियर जीएम श्री कुलेश्वर साहू, सीनियर डीजीएम श्री बीएल कुमरे, ज्ञानेंद्र सिंह गौतम व मैनेजर श्री पिनाकी भट्टाचार्य ने प्रशिक्षण की बारीकियों को समझाया। इस प्रकार के प्रशिक्षण भविष्य में और कराने का भी सुझाव दिया गया।



## क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री के.नारनवरे द्वारा झण्डा फहराया गया. तदुपरांत मुख्य अभियंता श्री आर.के.पाठक द्वारा विद्युत कम्पनीज के अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया गया. समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित कर्मियों सर्वश्री मुकेश कुमार साहू, पी.कृष्णा राव, फणीन्द्र कुमार मेहर, रामप्रसाद सिन्हा, धनेश्वर दीवान, दुष्यंत कुमार वर्मा को पदक, प्रशस्ति-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री डी.आर.साहू, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री ए.एन.दुबे, सी.एच.मरकाम, महेश ठाकुर अशोक खण्डेलवाल, अति. मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक गोले, श्रीमती तनविन्दर कौर, श्री रौनक पाण्डेय, श्रीमती मनीषा डे सहित अधिक संख्या में अधिकारी/कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में श्री एस.एन नायडू, ने आभार प्रदर्शन किया तथा संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री एच.के.जांगड़े द्वारा किया गया।

## केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण सम्पन्न



रायपुर गुढियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 26 जनवरी 2021 को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री ए.के. तिर्की द्वारा ध्वजारोहण कर सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी गई। समारोह में अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज, श्री सीताराम साहू, कार्यपालन अभियंता श्री एस पी सोनी, श्री पी बी बंजारे, श्री मुकेश कुमार एवं श्री एल आर देवांगन, सहायक अभियंता श्री एस एस पटनायक एवं कनिष्ठ अभियंता श्री ए.के शर्मा, ग्रंथालय अधिकारी श्री रूबेन बारा एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का सस्वर पाठ किया गया।

## राजनांदगांव में गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कर्मी पुरस्कृत

राजनांदगांव में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कर्मियों सर्वश्री विनोद कुमार भारती, गणेश प्रसाद नामदेव, अहेश कुमार, तुलूराम साहू, जगत प्रसाद निषाद एवं खिलावन साहू को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री तरूण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता, श्री एन.के. गुरूपांचयन, श्री ए.के बिजौरा, सुश्री गीता ठाकुर, श्री डी.पी. बरूवा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 'गणतंत्र दिवस' समारोह सोल्लासपूर्ण सम्पन्न



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में 'गणतंत्र दिवस' पर मुख्य अतिथि श्री एच.के.गुप्ता, ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर श्री रजनीश जैन, अति.मुख्य अभियंता, श्रीमती स्नेहलता एक्का, श्रीमती अंजना कुजुर, विशेष रु. से उपस्थित हैं। समारोह में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने सुरक्षा सैनिकों की परेड का निरीक्षण किया गया। परेड का नेतृत्व सुरक्षा अधिकारी, श्री मनोज कुमार पटेल ने किया।

राष्ट्रीय पर्व के उल्लास को अभिव्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि श्री गुप्ता तथा समस्त अति.मुख्य अभियंता एवं प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती निवेदिता बंजारा उपध्यक्षा श्रीमती कल्पना गुप्ता, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती नमिता पैकरा, सचिव, श्रीमती समता चैहान, कोषाध्यक्षा, श्रीमती रोशन देवी बारले, तथा महिला मंडल के समस्त पदाधिकारियों ने शांति के प्रतीक गुब्बारे छोंड़े।

इस अवसर श्री गुप्ता ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दिसंबर माह तक सतत् विद्युत उत्पादन करते हुये हमारे विद्युत गृह ने 2625 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन 79.54 प्रतिशत पीएलएफ. अर्जित किया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में ऊर्जा उत्पादन में देश के 33 राज्य विद्युत कंपनियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यालय की अनुशंसा पर श्री एन.के.पाण्डे, अधीक्षण अभियंता (संचालन), श्री कुर्तीकुमार, अधीक्षण अभियंता (कोल परिवहन), श्री एस.पी.बारले, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी, श्रीमती मधुस्मिता चौधरी, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) को प्रमाण पत्र एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया गया। स्थानीय स्तर पर 35 अधिकारियों/कर्मचारियों तथा 37 ठेका कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सिविल एवं चिकित्सा विभाग के दो समुहों को गुरप एवार्ड से सम्मानित किया गया।

श्री रजनीश जैन, अति.मुख्य अभियंता ने आयोजन पर प्रकाश डालते हुये सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता (मानव संसाधन) श्री पी.के.जोशी तथा संचालन श्री एस.पी.बारले, वरि.कल्याण अधिकारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यपालन अभियंता श्री चन्द्रशेखर गुर्जर, श्री एस.के.डेविड, श्री सुशांत कटकवार श्री राजकुमार केंवट तथा टी.एस.एस. / फ्यूल मैनेजमेन्ट / मा.संसा. / सिविल / सुरक्षा / विद्युत / अग्निशमन / यांत्रिकी सुधार / श्रम कल्याण विभाग के कर्मियों एवं ठेका श्रमिकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# राजनांदगांव क्षेत्र से श्रीमती सोनी की भावपूर्ण बिदाई

राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्यरत्त श्रीमती बिन्दु सोनी के स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होने पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने उन्हें शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीकात्मक चिन्ह प्रदान कर शुभकामनायें दी। सेवानिवृत्त हो रहे श्रीमती सोनी ने सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री मंगल तिर्की, श्री तरूण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री गीता ठाकुर, स्टॉफ आफिसर श्री के.के. देवांगन, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज देवांगन, पीआरओ श्री डी. एस. मंडावी, निज सहायक श्री एस.के बक्शी, श्री एन.के. शुक्ला, श्रीमती सरस्वती अय्यर, श्री एस.के. मराठा, श्री प्रकाश सोनटापर, श्री डी.दिलेश्वर राव, श्री अनिल मिंज सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# क्षेत्रीय मुख्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह



क्षेत्रीय मुख्यालय दुर्ग में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कनिष्ठ अभियंता श्री दुजेन्द्र गजपाल एवं श्रीमती अरुणाराव, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन श्री इम्तियाज खान, लाइन सहायक श्रेणी-दो श्री महेश राम खरे, परिचारक श्रेणी-एक (लाइन) श्री पंचम सिंह चन्द्राकर एवं श्री रामायण वर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, नगद 05 हजार रुपए एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर. बांधे, श्री एच.के.मेश्राम एवं श्री व्ही.आर.मौर्या, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री ए.के.चेल्ला एवं श्री आर.के.श्रीवास्तव, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया एवं विभाग के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी बधाई-शुभकामनाएं का आदान प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पी.के.रुसिया द्वारा किया गया।

# विद्युत कर्मियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण किया



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में दिनांक 25 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतंत्र के प्रति आस्था सहित मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने के साथ ही किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर.मौर्या एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री यू.सी.त्रिपाठी सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।



# मुख्य अभियंता (परियोजना) कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह

रायपुर के गुढ़ियारी में स्थित मुख्य अभियंता (परियोजना) कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री एस.डी. तेलंग ने ध्वजारोहण कर देश के बलिदानी सपूतों को नमन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा महान सपूतों के सिद्धांतों को अमल में लाते हुए देश को सतत् प्रगति की ओर ले जाने का आह्वान किया।

# राजनांदगांव में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



राजनांदगाव के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री तरूण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री एन.के. गुरूपंचायन, श्री ए.के. बिजौरा, सुश्री गीता ठाकुर, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज देवांगन, सहायक अभियंता श्री पी.एस. साहू, सुश्री श्वेता कोसरिया, पी.आर.ओ. श्री डी. एस. मंडावी, कनिष्ठ अभियंता श्री हेमराज साहू, श्रीमती उषा साहू, सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

# आईपीडीएस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा

## मैदानी अधिकारियों को लाइन लॉस कम करने सख्त निर्देश

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने अर्जुन्दा में एकीकृत ऊर्जा विकास योजना (आईपीडीएस) के तहत किये जा रहे विद्युत विस्तार के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने इन योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। श्री पटेल ने मैदानी अधिकारियों को वितरण हानि को कम करने एवं पूरी सजगता से कार्य करने की सलाह दी गई।

इस दौरान उन्होंने इस योजना के अन्तर्गत लाइन विस्तार के कार्य को करने वाली एजेन्सियों द्वारा स्थापित किये जा रहे विद्युत उपकरणों एवं लाइन केबलों का गहनता से निरीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण करने एवं गुणवत्ता बनाये रखने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योजना के तहत इम्पोर्ट एवं एक्सपोर्ट पांइट, रिंग फैन्सिंग डायग्राम, डीटी टैगिंग, कन्ज्यूमर टैगिंग, डीटी कोड जनरेशन, फीडरों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों के मीटरों की जानकारी एवं फीडरवार वितरण हानि पर विस्तृत जानकारी लेकर दिये गये लक्ष्य को शीघ्र हासिल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सैप प्रणाली में 11 के.व्ही फीडरों पर वितरण ट्रांसफार्मरों की टैगिंग सहीं हो, फीडर वार वितरण हानि की नियमित समीक्षा कर इसे कम करने के प्रयास निरतंर करें। श्री पटेल ने घर के अंदर लगे हुए मीटरों को बाहर लगाने एवं असामान्य ऊंचाई पर लगे मीटरों को आई लेवल पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं का मोबाइल नं दर्ज करने एवं उनकी सलाह और शिकायतों को दर्ज कर प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। श्री पटेल ने उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ लेने के लिए बकाया भुगतान करने हेतु प्रोत्साहित करने की बात कही। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि टीएण्डडी लॉस को कम करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, इस दिशा में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रभावी कदम उठाये जाए।

इस दौरे में उनके साथ अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा, कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन, सहायक अभियंता एवं अन्य मैदानी कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यपालक निदेशक श्री पटेल ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत स्थापित किये जा रहे विद्युत उपकरणों एवं लाइनों की गुणवत्ता कंपनी द्वारा तय किये गये मापदण्ड के अनुसार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों का सतत् मूल्याकंन कर नियत समयावधि में पूर्ण कराने हेतु संबधितों को निर्देश जारी किये जाएं।

# राजनांदगांव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ



राजनांदगांव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ ली कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगें तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री तरूण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता, श्री एन.के. गुरूपांचयन, श्री ए.के बिजौरा, सुश्री गीता ठाकुर, श्री डी.पी. बरूवा सहित प्रशासनिक भवन स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

# अटल बिहारी ताप विद्युत गृह में गणतंत्र दिवस



अटल बिहारी ताप विद्युत संयंत्र परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने ध्वजारोहण किया एवं उपस्थितजनों को गणतंत्र दिव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे संचालन विभाग ने विद्युत गृह में जल खपत की मात्रा को 1.64 प्रतिशत तक कम करने में सफलता पाई है। पिछले वित्तीय वर्ष 2019-2020 में जल खपत की मात्रा 2.12 प्रतिशत थी। इसके अलावा विद्युत गृह ने फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन में भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

चालू वित्तीय वर्ष में फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन 73.07 प्रतिशत है। जबकि यह पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 में 59.21 प्रतिशत था। सीएचपी विभाग द्वारा 06 दिसंबर 2020 को अधिकतम 06 रेक कोल अनलोडिंग कराया गया, जो एक दिन में अनलोडिंग का सर्वाधिक कीर्तिमान है। भूमि विस्थापितों को सेवा में नियमितीकरण का कार्य प्रगति पर है। आगे उन्होंने बताया कि विद्युत संयंत्र की ओर से सीएसआर फंड से जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा को कोविड-19 की चिकित्सा के लिए एक वेंटिलेटर प्रदान किया गया है। साथ ही कोविड-19 अस्पताल के लिए एंबुलेंस भी दिया गया है। साथ ही बाढ़ राहत व आपदा प्रबंधन हेतु एक मोटरबोट, इन्फलाटेबल रबर बोट भी प्रदान किया गया है।

उत्तम कार्य निष्पादन के लिए कार्यपालन अभियंता राजगोपाल नेताम, नारायण सिंह ठाकुर, सहायक अभियंता जीवन लाल खूंटे सहित 27 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पदक से संयंत्र परिसर में सम्मानित किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री सुनील बिश्वास, राजाबाबू कोसरे, रजनीश जांगड़े और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी, श्रीमती शशि कोसरिया व आकृति महिला मंडल की पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संयोजन व संचालन कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम द्वारा किया गया।



# एबीवीटीपीएस में अधिकारियों-कर्मचारियों की भावभीनी विदाई



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह जांजगीर से मुख्य अभियंता श्री आरके श्रीवास द्वारा माह दिसंबर 2020 में सर्वश्री नरेंद्र कुमार दत्ता, प्रदीप कुमार देवांगन, नेतराम पटेल, चूणामणि शर्मा को उनके उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना करते हुए स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मड़वा में सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई




अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से माह जनवरी में सेवानिवृत हुए अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री सुनील विश्वास सहित वेशराम चंद्रा एवं अमृतलाल देवांगन को पावर कंपनी परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। प्रभारी मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, रजनीश जांगड़े, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं सेवानिवृत कार्यपालक निदेशक पीपी मोडक, रायपुर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरूण वर्मा, अरविंद कुलकर्णी, संजीव कुमार कटियार एवं एचटीपीएस के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके नायक व सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता कुमार मुखर्जी द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विदाई समारोह में अपने अनुभव साझा करते हुए श्री विश्वास ने परिवार के सदस्यों से मिले सहयोग व प्यार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम द्वारा सेवानिवृत्ति हो रहे सुनील विश्वास का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता रामजी सिंह, नीरज वैश्य, एसडी द्विवेदी, आरएल ध्रुव, केसी अग्रवाल, अब्दुल समद, कार्यपालन अभियंता आरके नायक एवं अनिल साय, सहायक प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत समेत बड़ी संख्या में विभिन्न वृत्तों के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के आयोजन में रामनारायण राठौर और नरेंद्र बरेठ का विशेष सहयोग रहा।

# मड़वा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस ) मड़वा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित शपथ कार्यक्रम में मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, रजनीश जांगड़े, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोकतंत्र के प्रति आस्था को व्यक्त किया। मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया द्वारा शपथ पत्र का वाचन किया गया जिसे उपस्थितजनों ने निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए धर्म, जाति या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने दोहराया। कार्यक्रम में कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम ने लोकतांत्रिक परंपराओं में मतदाता के महत्व को व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया।



## श्रमिक की शौर्य गाथा

*जुनून नहीं यह*
*जज़्बे का है परचम।*
*करिश्मा नहीं यह*
*श्रम का है सतत् क्रम।।*
*गगन धरा के मध्य*
*सुलझाते तारों के चक्र।*
*उच्च दाब-सा हौसला*
*जांबाज़ कर्मी पर है फक्र।।*
*ठहराव को कायरता*
*का, नक्सली न पाले भ्रम।*
*सब्र के इम्तिहान*
*में, कर्मकार सदा विनम्र।।*
*तड़ित गिरे आकाश से*
*करते घोर गर्जन।*
*चूर-चूर हो जाते वे*
*देख श्रमिक सृजन।।*
*साहस-समर्पण ये दोनों*
*विद्युत कर्मी के अस्त्र।*
*लक्ष्य-साधना से हतप्रभ*
*डाल दिये तमस ने शस्त्र।।*
*संघर्ष-चुनौती के संगम से*
*झरने लगा सूरज का स्वेद।*
*पृथा के इस दक्ष मजदूर का*
*जान सका न कोई भेद।।*
*धारण करते सुरक्षा कवच*
*इनका कोई नहीं विकल्प।*
*पावर हब बनाने का*
*लिया है हमने संकल्प।।*

**श्री अजय साहू** (निज सचिव)
कार्या. मुख्य अभियंता (उत्पा.)
अ.बि.वा.ता.वि. गृह, जांजगीर चांपा





# कुर्यात सदा मंगलम





## गुंजन संग डॉ. नीतू

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर के कार्यालय क्षेत्रीय लेखाधिकारी गुढ़ियारी से वरिष्ठ लेखाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त श्री बी.एल.आर्य एवं कार्यपालक निदेशक (वित्त) में कार्यरत श्रीमती उमा शशि आर्य, अनुभाग अधिकारी के सुपुत्र चि. गुंजन आर्य (आई.पी.एस) का शुभ विवाह नारायणपुर निवासी डॉ. बी.एन.बनपुरिया (बी.एम.ओ) की सुपुत्री सौ.कां. डॉ. नीतू बनपुरिया के साथ दिनांक 8 जनवरी, 2021 को रायपुर न्यायालय में विधिपूर्वक शपथ के साथ संपन्न हुआ। बधाई...

## राहुल संग संध्या

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित वरिष्ठ लेखाधिकारी एक कार्यालय में कार्यरत श्री रमेश प्रसाद कुशवाहा के सुपुत्र चि. राहूल कुशवाहा का शुभ विवाह सतना निवासी श्री रामजी कुशवाहा की सुपुत्री सौ.कां.संध्या कुशवाहा के साथ दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

## तेजेंद्र संग गुलशन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय लेखा इकाई गुढ़ियारी रायपुर में क्षेत्रीय लेखाधिकारी के पद पर पदस्थ श्री सी.आर.जांगड़े के सुपुत्र चि. तेजेंद्र प्रताप का शुभ विवाह गुंडरदेही निवासी स्मृतिशेष श्री पूरणचन्द देशलहरा की सुपुत्री सौ.कां. गुलशन के साथ दिनांक 18 जनवरी, 2021 को सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...



# हमारे गौरव



## कु. अलिसा देवांगन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी दुर्ग संचारण-संधारण कार्यालय में पदस्थ स्टेनोग्राफर ग्रेड-1 की प्रतिभाशाली सुपुत्री कु. अलिसा देवांगन ने राज्यस्तरीय शालेय खेलकूद स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आधार पर गोहाटी (असम) में आयोजित 36वें नेशनल जूनियर एथेलेटिक चैम्पियनशीप में भागीदारी हेतु अलिसा चयनित हुई। उन्होंने छत्तीसगढ़ एथेलेटिक एसोसिएशन द्वारा रायपुर में आयोजित 14 वर्षीय श्रेणी के मध्य हुए 600 मीटर दौड़ स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. अलिसा दुर्ग के महावीर जैन हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्ययनरत है। बधाई...

## घर से तू न निकल

*घर से तू न निकल।*
*धैर्य हमारा अस्त्र शस्त्र है*
*संयम बना है बल*
*घात लगाकर छुपा है शत्रु*
*घर से तू न निकल।*
*किसी गली में किसी सड़क पर*
*किसी व्यक्ति में किसी सतह पर*
*मिल सकता है सूक्ष्म विषाणू*
*पड़ा हुआ अविचल।*
*इस विषाणु की दवा नहीं है*
*और न है उपचार सफल*
*संक्रमण यदि लग जाए तो*
*कर देता है विकल।*
*घर के बाहर अगर हो जाना*
*दूरी रखना, मास्क पहनना*
*और सतत हाथों को धोना*
*बस बचाव है हल।*
*डाक्टर नर्स या स्वच्छता कर्मी*
*पोलिस हो या विद्युत कर्मी*
*इनके त्याग की अनुपम गाथा*
*गाए जा हर पल।*



**श्री शशिकान्त देशमुख**
कार्यपालन अभियंता
ट्रांसमिशन (सिविल) रायपुर

# पतंग सी न हो ज़िंदगी

बीती रात की बात है नाईट ड्यूटी करके लौट रहा था। अचानक मोबाईल बज उठा। तब अपनी मोटर साईकिल को सड़क के किनारे खड़ी करके मोबाईल कॉल रीसिव किया। बातचीत समाप्त करके मोटर साईकिल चालू करने वाला ही था कि कुछ खुसुर-फुसुर सी आवाज निकट स्थित बिजली खम्भे के ऊपर से आई। मेरी नजर ऊपर गई तो मैंने देखा कि विद्युत के तारों के बीच दो पतंगे फंसी हुई है। उन दोनों के बीच ही कुछ बातचीत हो रही थी। कौतुहल भरी नजरों से उन्हें ताकते हुए मैंनें कान उनकी ओर लगा दिया, ताकि मुझे दोनों की बातें सुनाई दे।




ध्यान से सुना तो एक पतंग दूसरे से पूछ रही थी कि- तुम तार में कैसे फंस गई बहन ? उत्तर में दूसरी पतंग ने आहें भरते हुए अपनी पीड़ा को व्यक्त किया कि- अपनी गलती से ही मैं तार में फंसने की सजा भोग रही हूं, दरअसल आसमान में उड़ते-उड़ते हम दो पतंगे आपस में लड़ पड़ी। लड़ते-लड़ते मैं कमजोर पड़ गई तो मेरी जीवन की डोर टूट गई और मैं लड़खड़ाते हुए ऊंचाई से नीचे गिरते तारों के बीच आ फंसी।

उस पतंग की बातें सुनकर दूसरी पतंग बोली कि- ये तो होना ही था। जब कभी कोई अपने आपको गुलाम बनाकर अपने वजूद को भूला देता है और ज़िंदगी की चाबी पूरी तरह से दूसरों को सौंप देता है, तो मौके का फायदा उठाकर वह अपने स्वार्थ के लिए गुलाम बने लोगों को नचाने, लड़ाने लगता है और तब आपसी रिश्ते भूलकर दूसरों की चाल में फंसकर लोग आपस में लड़ बैठते हैं। यह जानते हुए भी कि बुरा हश्र तो लड़ने वालों का ही होगा।



**विजय मिश्रा**
**संपादक**

हां बहन, अब मुझे पछतावा हो रहा है कि दूसरे के बहकावे में आकर मैं क्यों लड़ भिड़ी। खैर अब तुम बताओ कि तुम कैसे बिजली के तारों के बीच आ फंसी हो?

क्या बताऊं बहन तुम्हें अपनी व्यथा। मैं भी दूसरे की गलती की सजा भोग रही हूं। मुझे बनाने वाले ने बड़ी मेहनत से बनाया था और किसी के हाथ सौंपते हुए उसे समझाया कि- पतंग हमारी जीवकोपार्जन के आधार होते हैं भैया। ये निर्जीव होते हुए भी जीने की प्रेरणा देते है, अतः इसे आकाश की ऊंचाईयों में पहुंचाना जरूर, किन्तु उड़ाते समय पतंग में बंधे धागा को मजबूत रखना। पेड़ों से, तारों से बचाकर ही इसे उड़ाना।

इतना समझाने के बाद भी मैं गलत हाथों में पड़ गई। मुझे लगा 'बंदर के हाथ में उस्तरा लग गया' कि भांति मैं किसी अनाड़ी के हाथों लग गई। आनन-फानन में उसने मुझे उड़ाने की कोशिश की ठीक उसी तरह जैसे कोई अकुशल वाहन चालक वाहन चलाता है, या कहूं लापरवाह संयंत्र संचालक संयंत्रों को संचालित करता है। मेरे साथ वही हुआ जिसका डर था। हवा के थपेड़ों के बीच पतंग उड़ाने के दांव-पेंच से अनभिज्ञ वह ढील देता गया। मैं भी उस वक्त गदगद थी कि दूसरे पतंगों की तुलना में मैं आगे-आगे जाते जा रही हूं। उस वक्त मैं भूल गई कि ज़िंदगी में आप कितने भी आगे निकल जायें फिर भी सैकड़ों लोगों से पीछे रह जायेंगे। ज़िंदगी में आप कितने भी पीछे रह जायें फिर भी सैकड़ों लोगों से आगे होंगे। इसलिए अपनी जगह का लुत्फ उठायें। आगे निकल जाने की अंधी दौड़ में उस व्यक्ति की लापरवाही से मैं तारों के बीच आ फंसी और असमय काल के गाल में समा गई। इतना कहते-कहते दोनों पतंगे आपस में लिपट कर रो पड़ीं।

रोती हुई पतंगों की आंखों से बहते आंसू टप-टप मेरे चेहरे पर टपक रहे थे और मुझे संदेश दे रहे थे कि- सुरक्षित ज़िंदगी जीने के लिए सतर्कता, जागरूकता और सावधानी का ध्यान हर पल रखना जरूरी है। संयंत्रों का संचालन करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए समुचित मापदण्डों को जानने और पालन करने में ही भलाई है। पतंगों से मिले संदेश को मैंने गुनते हुए मोटर साईकिल को चालू किया तभी हवा के एक तेज झोंके से तार में फंसे पतंग फड़फड़ा उठे, मानो वे फिर मुझे सचेत कर रहे थे कि मोटर साईकिल चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, यातायात नियमों का पालन करें। भूलकर भी मोबाईल का इस्तेमाल वाहन चलाते समय न करें। मैं हेलमेट पहना और सुरक्षित अपने घर जा पहुंचा। मेरे परिवारजनों के खिले हुए चेहरे मुझे वहां भी संदेश दे रहे थे कि सुरक्षा, सुखी ज़िंदगी की कुंजी है।

प्रिंटिक स्कैनर मिश्राबाड़ा, तात्यापारा, रायपुर 88899 14459

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मर्यादित डंगनिया, रायपुर**

फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक